समाचार वाणी

ख़बर जो करें असर !

नाशिक | Thursday, 24 September 2026


# राजस्थान पुलिस कांस्टेबल भर्ती 2025: आवेदन की आखिरी तारीख बढ़ी, अब 25 मई तक करे अंप्लाई।


Publisher | Published on 19 May 2025





## पुलिस भर्ती का सुनहरा मौका, 25 मई तक भरे फॉर्म।

राजस्थान पुलिस में भर्ती का इंतजार कर रहे युवाओं के लिए बड़ी खबर है। **पुलिस महानिदेशक कार्यालय, जयपुर** द्वारा निकाली गई **कांस्टेबल भर्ती 2025** के लिए आवेदन की अंतिम तिथि को बढ़ा दिया गया है। अब अभ्यर्थी **25 मई 2025** तक ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं।

पहले आवेदन की आखिरी तारीख **17 मई 2025** थी, जिसे अब **एक हफ्ते के लिए एक्सटेडं** किया गया है।

**आवेदन कहां और कैसे करे ?**

१. उम्मीदवार recruitment2.rajasthan.gov.in पर जाकर ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं।

२. आवेदन केवल ऑनलाइन मोड में स्वीकार किए जाएंगे।

३. अंतिम तिथि के बाद कोई भी आवेदन फॉर्म मान्य नहीं होगा।

**शैक्षणिक योग्यता और आयु सीमा**

**पात्रता :**

| **विवरण** | **आवश्यकता** |
|---|---|
| राष्ट्रीयता | भारत का नागरिक होना चाहिए |
| शैक्षणिक योग्यता | 12वीं पास (किसी मान्यता प्राप्त बोर्ड से) |
| ड्राइवर पद हेतु | वैध ड्राइविंग लाइसेंस (LMV/HMV) अनिवार्य |

**आयु सीमा :**

१. **पुरुष उम्मीदवार**: जन्म 2 जनवरी 2002 या उससे पहले नहीं होना चाहिए।

२. **महिला उम्मीदवार**: जन्म 2 जनवरी 1997 या उससे पहले नहीं होना चाहिए।

३. **आरक्षित वर्ग:** सरकारी नियमों के अनुसार आयु में छूट लागू।

**चयन प्रक्रिया कैसे होगी ?**

चयन **तीन चरणों** में होगा:

१. **लिखित परीक्षा**

२. **शारीरिक दक्षता परीक्षा (PET)**

३. **ड्राइविंग स्किल टेस्ट (सिर्फ ड्राइवर पद के लिए)**

सभी चरणों में प्रदर्शन के आधार पर **फाइनल मेरिट लिस्ट** तैयार की जाएगी।

**आवेदन शुल्क**

| **श्रेणी** | **शुल्क (₹)** |
| --- | --- |
| सामान्य, क्रीमीलेयर OBC/MBC, बाहरी राज्य | ₹600 |
| नॉन-क्रीमीलेयर OBC/MBC, SC/ST, EWS, TSP | ₹400 |

ऐसी ही देश और दुनिया की बड़ी खबरों के लिए फॉलो करें: www.samacharwani.com

DISCLAIMER: the views/contents expressed/presented herein, within this advertorial and promotional feature are the sole and exclusive responsibility of individual clients/expert/their authorised representative/Publisher, to which effect, publication house/its representative/affiliates are not responsible/liable whatsover.